इण्डिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनैन्स कम्पनी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

India Infrastructure Finance Company Limited
(A Govt. of India Enterprise)

आई आई एफ सी एल
I I F C L

संदर्भ:आईआईएफसीएल/आरटीआई /2025-26/81/ 1302 **दिनांक: 15 सितम्बर, 2025**

सेवा में,
श्री दीपक हरपाल दिवाकर
बी-2, वेष्णो विहार, फेज -5,
आवास विकास, चंदोसी, जनपद - संभल,
उत्तर प्रदेश -244412, मोबाइल- 7827239560
ईमेल: **deepakdewaakar@hotmail.com**

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्राप्त आवेदन के संदर्भ में।

महोदय,

मैं आपको सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आपके सूचना के लिए अनुरोध का संदर्भ देना चाहता हूँ, जो 20 अगस्त , 2025 को प्राप्त पत्र के माध्यम से भेजा गया था और बताना चाहता हूँ कि आवश्यक जानकारी परिशिष्ट-ए में संलग्न है।
यदि आप प्रदान की गई जानकारी के संबंध में अपील करना चाहते हैं, तो आप इस पत्र के प्राप्ति की तिथि से तीस दिन के भीतर नीचे दिए गए अपीलीय अधिकारी के पास अपील कर सकते हैं।

श्री राजीव मुखिजा
प्रथम अपीलीय प्राधिकारी और मुख्य महाप्रबंधक
पता: IIFCL, 5वां मंजिल, प्लेट A और B,
टावर 2NBCC परिसर, पूर्व किदवई नगर,
नई दिल्ली, फोन नंबर: 011-24662777

भवदीय,

Raid

राघव अग्रवाल
मुख्य जनसूचना अधिकारी एवं उपमहाप्रबंधक
फोन नंबर : 011-24662715
ईमेल- raghav@iifcl.in

5

आई आई एफ सी एल
I I F C L

अनुलग्नक'ए
ANNEXURE A

इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
INDIA INFRASTRUCTURE FINANCE COMPANY LIMITED

विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्राप्त आवेदन के संदर्भ में।
यह आरटीआई श्री दीपक हरपाल दिवाकर से स्पीड पोस्ट के माध्यम से 20 अगस्त 2025 को प्राप्त हुई।

श्री दीपक हरपाल दिवाकर के प्रश्नो का आईआईएफसीएल द्वारा बिंदु-वार प्रत्युत्तर इस प्रकार है:-

<table>
<tr><th>S. NO</th><th>INFORMATION REQUIRED FROM IIFCL</th><th>REPLY FROM IIFCL</th></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">विज्ञापन संख्या IIFCL/HR/2024/04 दिनांक 06.12.2024 के अंतर्गत निकाली गई "Assistant Manager (Grade-A)" की भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित हुआ था। दीपक दिवाकर हरपाल रोल नंबर 1310000118 एवं पंजीकरण संख्या 576005720 है।
मैंने दिनांक 25 जनवरी 2025 को आयोजित लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात 20 मई 2025 को नई दिल्ली में साक्षात्कार दिया था। मेरा प्रदर्शन मेरे अनुसार संतोषजनक रहा, परंतु दिनांक ।। जुलाई 2025 को जारी अंतिम परिणाम में मेरा नाम चयनित अभ्यर्थियों में सम्मिलित नहीं है, जिस कारण मैं निम्नलिखित बिंदुओं पर सूचना प्राप्त करना चाहता हूँ, ताकि भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु स्वयं का मूल्यांकन एवं रणनीति निर्माण कर सकूं:</td></tr>
<tr><td>1</td><td>विज्ञापन में कुल 40 पद दर्शाए गए थे, जबकि अंतिम चयन सूची में केवल 35 अभ्यर्थियों (31 वास्तविक चयनित व 4 रोल नंबर वेटिंग लिस्ट) के रोल नंबर प्रकाशित किए गए हैं। कृपया शेष 5 पदों को रिक्त रखने का कारण स्पष्ट करें।</td><td>31 उम्मीदवारों और 04 प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों का चयन उनके प्रदर्शन और साक्षात्कार में पात्रता के आधार पर किया गया है। शेष रिक्तियों को भारत सरकार की मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार भरा जाएगा।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>विज्ञापन में विभिन्न स्ट्रीम्स (जैसे General, Legal, IT आदि) हेतु अलग-अलग योग्यता निर्धारित थी, किंतु चयन सूची में सभी अभ्यर्थियों के रोल नंबर एक साथ, स्ट्रीम का उल्लेख किए बिना प्रकाशित किए गए हैं। कृपया स्ट्रीमवार चयनित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध कराएं।</td><td>
<table>
<tr><th colspan="2">स्ट्रीम अनुसार चयनित उम्मीदवार</th></tr>
<tr><td>Accounts</td><td>5</td></tr>
<tr><td>Information Technology</td><td>3</td></tr>
<tr><td>Project Financing; Stressed Asset Management</td><td>1</td></tr>
<tr><td>Risk Management</td><td>1</td></tr>
<tr><td>Secretarial Functions</td><td>1</td></tr>
<tr><td>General</td><td>20</td></tr>
<tr><td>Total (31)</td><td>31</td></tr>
</table>
</td></tr>
</table>

आई आई एफ सी एल
IIFCL

3	साक्षात्कार के लिए गठित पैनल में कितने सदस्यों को सम्मिलित किया गया था तथा क्या इसकी कोई निर्धारित प्रक्रिया/ गाइडलाइन थी? मैंने General स्ट्रीम के लिए आवेदन किया था, मेरे साक्षात्कार के समय 8 सदस्यीय पैनल उपस्थित था, जिसमें से 3 सदस्य बार-बार कक्ष में आ-जा रहे थे, जिससे साक्षात्कार की गंभीरता पर प्रश्नचिन्ह उत्पन्न होता है। कृपया इस संबंध में स्पष्ट जानकारी प्रदान करें।	यह जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 8 (1) j के तहत छूट दी गई है
4	जब विभिन्न स्ट्रीम हेतु अलग-अलग योग्यताएं निर्धारित थी, तो सभी स्ट्रीम्स के लिए एक समान साक्षात्कार पैनल क्यों रखा गया? क्या स्ट्रीम-विशेष विशेषज्ञों का अलग पैनल नहीं बनाना उचित नहीं होता?	
5	कृपया सभी अभ्यर्थियों के लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं कुल प्राप्तांक (स्ट्रीमवार एवं श्रेणीवार UR/OBC/SC/ST/EWS/ PWDs) उपलब्ध कराएं। साथ ही, प्रत्येक स्ट्रीम की अंतिम मेरिट सूची अंकों सहित प्रदान की जाए।	यह जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 8 (1) j के तहत छूट दी गई है
6	कृपया चयन प्रक्रिया में अपनाए गए Evaluation Criteria, Cut-off Marks, तथा Written Examination एवं Interview के बीच Weightage (40:60) की विस्तृत जानकारी भी प्रदान करें।	